<u>समाचार</u>

# स्टेडियम कोरबा की बड़ी उपलब्धि, इसका जीर्णोद्धार सराहनीय कदम–विधायक

(01 करोड रू. की लागत से किए गए स्टेडियम मे लान के विकास कार्य का हुआ लोकार्पण, विभिन्न खेलों से संबंधित 02 करोड 20 लाख रू. के नए कार्यो का किया गया भूमिपूजन)



कोरबा 20 अगस्त 2017–नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने निगम द्वारा प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम के जीर्णोद्धार व विकास की दिशा में किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए आज कहा कि इंदिरा स्टेडियम कोरबा शहर के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है तथा इसका जीर्णोद्धार कराया जाना अत्यंत सराहनीय कदम है। उन्होने कहा कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने स्टेडियम जीर्णोद्धार एवं यहां विभिन्न खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में गहरी रूचि दिखाई है, जिसके लिए मैं महापौर एवं उनकी टीम को बधाई देता हूॅ।

उक्ताशय के विचार विधायक श्री अग्रवाल ने आज प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर में आयोजित लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 01 करोड़ रूपये की लागत से स्टेडियम के भीतरी भाग में लान के विकास का कार्य एवं अन्य मरम्मत कार्य कराए गए हैं, जिसका लोकार्पण महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा किया गया। इसके साथ ही विभिन्न खेलों से संबंधित 02 करोड़ 20 लाख रूपये के कार्यो का भूमिपूजन भी उनके हाथों सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि आज से 20 वर्ष पहले प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम को जनता की सेवा में समर्पित किया गया था, वर्तमान में स्टेडियम के विभिन्न हिस्सों के जीर्णोद्धार व लान के विकास की आवश्यक थी, यहां पर विभिन्न खेल सुविधा का अभाव भी था, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस दिशा में विशेष रूचि ली तथा स्टेडियम परिसर में अनेक खेल सुविधाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ जिसके तहत कई कार्य प्रगति पर या पूर्णता पर है तथा अनेक खेल सुविधाओं से संबंधित कार्य प्रारंभ कराए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि शीघ्र ही वह समय आएगा जब प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम एक सम्पूर्ण खेल परिसर के रूप में एक सुंदर स्वरूप ग्रहण करेगा तथा यहां पर लगभग सभी प्रमुख खेलों से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होने आगे कहा कि निश्चित रूप से यह स्टेडियम हमारे कोरबा शहर के लिए एक

महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा यह स्टेडियम अपने निर्माण के समय तत्कालीन अविभाजित मध्यप्रदेश में इंदौर के बाद प्रदेश में दूसरे नम्बर का स्टेडियम था।

<u>किक बाक्सिंग हाल का होगा निर्माण</u>– इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि इंदिरा स्टेडियम निश्चित रूप से हम सब के लिए तथा हमारे शहर के लिए गौरव की चीज है, इसे बेहतर से बेहतर स्वरूप देने तथा यहां सभी प्रमुख खेल से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मैं पूर्ण रूप से कृत संकल्पित हूॅं। उन्होने नगर के किक बाक्सिंग खिलाड़ियों के अनुरोध का स्वागत करते हुए स्टेडियम परिसर में किक बाक्सिंग हाल के निर्माण की घोषणा की तथा संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि आमजनता के सहयोग से कोरबा का तेजी से विकास हो रहा है, जनसुविधाएं बढ़ रही है तथा क्रमशः समस्याओं का निदान किया जा रहा है। मेरा निरंतर प्रयास है कि आमजन को सभी मौलिक सुविधाएं सहजतापूर्वक मिले तथा साथ–साथ कोरबा शहर को एक सुंदर शहर के रूप में, एक स्वच्छ शहर के रूप में स्थापित किया जाए।

<u>विभिन्न खेल सुविधाओं से संबंधित कार्यो का हुआ भूमिपूजन</u>– इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने स्टेडियम परिसर में विभिन्न खेल सुविधाओं से संबंधित 02 करोड़ 20 लाख रूपये के 04 कार्यो का भूमिपूजन किया तथा कार्य प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिन कार्यो का भूमिपूजन आज किया गया, उनमें 70 लाख रूपये की लागत से स्टेडियम परिसर में इंडोर स्क्वेश हाल का निर्माण, 99 लाख रूपये की लागत से स्टेडियम परिसर में बैडमिंटन हाल का निर्माण, 22 लाख 25 हजार रूपये की लागत से परिसर में हैण्डबाल का बेस निर्माण तथा 28 लाख 47 हजार रूपये की लागत से हैण्डबाल ग्राउंड, सिन्थेटिक्स बेस निर्माण व इलेक्ट्रीफिकेशन व चैनलिंक फैंसिंग आदि कार्य शामिल है।

इस अवसर पर निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद विकास अग्रवाल, मनीष शर्मा, वरिष्ठ नागरिक श्रीकांत बुधिया, राजेन्द्र अग्रवाल, श्रीमती मंगल बुधिया, श्यामसुंदर अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, श्यामसुंदर सोनी, संजय साह, वेदप्रकाश नायक, प्रेम स्वरूप, पवन अग्रवाल, संतोष लांझेकर, पी.के. गुप्ता, अजीत शर्मा, रेहाना फतिमा, विकास नामदेव, गणेशदास महंत, प्रतिभा राय, सुरेन्द्र सिंह, जवाहर निर्मलकर आदि के साथ विभिन्न खेलों के खिलाड़ीगण एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।